# ई वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ई मोबिलिटी डैशबोर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को वरीयता देने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। अब इस क्रम में प्रदेश में निवेश को ट्रैक करने के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्यरत इन्वेस्ट यूपी जल्द ही वेब आधारित ई मोबिलिटी डैशबोर्ड और ईवी एक्सलरेटर सेल के लिए मोबाइल एप विकसित कराया जाएगा। इसका जिम्मा उत्तर प्रदेश सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. (यूपीडेस्को) को सौंपा गया है। यूपीडेस्को में पहले से इंपैनल्ड एजेंसियों को कार्य आवंटित कर डैशबोर्ड व एप डेवलपमेंट का काम सौंपा जाएगा। निर्धारित एजेंसी को दोनों कार्यों को 90 दिन में करना होगा।

गौरतलब है कि ई मोबिलिटी डैशबोर्ड व ईवी एक्सेलरेटर सेल के मोबाइल एप को अपग्रेडेड डाटा विजिबिलिटी, इंप्रूव्ड मॉनिटरिंग, प्रभावशाली मैनेजमेंट, पारदर्शिता व पब्लिक एंगेजमेंट जैसे एडवांस्ड फीचर से लैस किया जाएगा। इसके डाटाबेस निर्माण के लिए परिवहन, नगरी विकास, पावर कॉर्पोरेशन, आवासीय विभाग और यूपीडा से प्राप्त जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

## इन्वेस्ट यूपी ने मोबाइल एप विकसित कराने का जिम्मा यूपीडेस्को को सौंपा

परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित डैशबोर्ड राज्य में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विवरणों की निगरानी व प्रबंधन के लिए केंद्रीकृत मंच प्रदान करेगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) का लक्ष्य परिवहन के स्वच्छ, अधिक टिकाऊ तरीकों को प्रोत्साहित करना है। राज्य में ई मोबिलिटी के निष्पादन और निगरानी के उद्‌देश्य पूरा करने के लिए ईवी एक्सेलेरेटर सेल की स्थापना की जाएगी।

इन्वेस्ट यूपी ने राज्य में ईवी संचालन की निगरानी, प्रबंधन और योजना बनाने और व्यापक पैमाने पर ईवी अपनाने को बढ़ावा देने और देश भर में एक उदाहरण स्थापित करने के लिए यूपी ई मोबिलिटी डैशबोर्ड विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। यह ई मोबिलिटी डैशबोर्ड संबंधित विभागों और इन्वेस्ट यूपी अधिकारियों के लिए उत्तर प्रदेश में ईवी और चार्जिंग स्टेशनों की तैनाती और उपयोग को ट्रैक करने, प्रबंधित करने और मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। इससे ई मोबिलिटी को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और जीवाश्म ईंधन की बचत करने में मदद मिलेगी।

उत्तर रेलवे
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे